कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा
जिला – दक्षिण बस्तर,दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)

दूरभाष / टेलिफैक्स क्रमांक :- 07856-252830 ई मेल : cs.dantewada@gmail.com/ hc.dantewada@gmail.com

क्रमांक / निविदा क्रय / 2014–15 दन्तेवाड़ा दिनांक 12/09/14

इस कार्यालय का पत्र क्रमांक / सि.स. / भण्डार / 2014–15 दन्तेवाड़ा दिनांक 12/09/14 के अनुसार कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधिक्षक, जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा के ब्लड बैंक, पैथालॉजी लैब के आवश्यक जांच, आधुनिकिकरण एवं सेवा सुधार हेतु उपकरण (इन्स्ट्रुमेन्ट) मय यु.पि.एस. / इन्वरटर, वोलटेज स्टेबलाईज़र, आवश्यकता अनुसार विभिन्न जांच के लिए रसायन तथा सम्पूर्ण चिकित्सालय के साफ–सफाई व्यवस्था के लिए आधुनिक उपकरणों के रेट कान्ट्रेक्ट हेतु निविदा के लिए बुलाई गई है।

निविदा की शर्तें :–

1 निर्माता कंपनी अथवा उनके द्वारा अधिकृत विक्रेता एवं प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा ही निविदा भरे जा सकेंगे। तत्संबंधी प्रमाण पत्र निविदादाता को प्रस्तुत करना होगा।

2 निविदादाता को पेन नम्बर / बिक्री कर पंजीयन प्रगाण पत्र (मूल प्रति की छाया प्रति) / सेल टैक्स चुकता प्रमाण पत्र जो भी आवश्यक हो निविदा के साथ जमा करना होगा। क्रय समिति आपके द्वारा छाया प्रति के रूप में जमा किये गये दस्तावेजों का मूल प्रति से मिलान करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। जिन्हें मांगे जाने पर आपके द्वारा मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

3 उपकरणों (इन्स्ट्रुमेन्ट) एवं रसायनों की गुणवत्ता निम्न स्तर पाये जाने पर अमानत राशि राजसात कर निविदा निरस्त कर दी जावेगी। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

4 अंकित दर कार्यालय के मुख्य भण्डार में प्रदाय करने का होना चाहिए। आपके द्वारा देयकर का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।

5 प्रत्येक निविदादाता को अमानत राशि के रूप में रू. 2,00,000 / – (दो लाख रूपये) का एफ. डी.आर. / बैंक ड्राफ्ट किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जीवनदीप समिति जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा के नाम से बनाकर संलग्न करना होगा। जिसे असफल निविदादाता को वापस कर दिया जावेगा एवं सफल निविदादाता की अमानत राशि निविदा समाप्ति तक जमा रखी जावेगी। जिस पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

6 उपकरणों (इन्स्ट्रुमेन्ट) एवं रसायनों के आदेश प्राप्त होने के 30 दिवस में प्रदाय करना होगा अन्यथा आदेश स्वमेव निरस्त माना जावेगा। जिसे अन्य प्रदायकर्ता से मंगाने पर यदि अतिरिक्त व्यय आता है तो उसकी वसूली स्वीकृत निविदादाता से की जावेगी।

7 निविदा की दरें दर अनुमोदन से एक वर्ष के लिए तक के लिए मान्य होगी। क्रय समिति के निर्णय अनुसार निविदा अवधि को घटाया या बढ़ाया जा सकता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

8 आपात स्थिति में न्यूनतम अनुमोदित दर पर किसी भी फर्म से उपकरणों (इन्स्ट्रुमेन्ट) एवं रसायनों को क्रय किया जा सकता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार योग्य नहीं होगा।

9 बिना कारण बताये किसी भी अथवा समस्त निविदायें निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता एवं क्रय समिति सुरक्षित रखता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।

10 निविदा स्पष्ट अंकित मान्य किया जावेगा।

11 निविदा पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त होना चाहिए। डाक विलंब के लिए कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

12 उपकरणों (इन्स्ट्रुमेन्ट) एवं रसायनों का मापदण्ड व समयावधि के अन्तर्गत प्राप्त न होने की दशा में प्राप्त सामग्री स्वीकार नहीं की जावेगी तथा प्रदायकर्ता को स्वयं के व्यय पर सामग्री वापस ले जाना होगा।

13 निर्माण इकाई के निरीक्षण का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता एवं क्रय समिति का होगा।

14 क्रय शासन से प्राप्त नीति निर्देशानुसार एवं उपलब्ध आबंटन के अनुसार ही किया जावेगा।

15 उपकरणों (इन्स्ट्रुमेन्ट) एवं रसायनों का गुणवत्ता के आधार पर क्रय की जावेगी। न्यूनतम दर एवं निविदा की बाध्यता स्वीकार नहीं होगी।

16 उपकरणों (इन्स्ट्रुमेन्ट) एवं रसायनों को आई.एस.आई. एवं आई.एस.ओ.मार्का/उच्च गुणवत्ता का प्रदाय करना होगा।

17 सूची में वस्तुओं के समक्ष मांगे गये केटलॉग को क्रम अनुसार संलग्न करना आवश्यक है। केटलॉग में कंपनी का नाम एवं स्पेशेसिफिकेशन संलग्न न होने पर उक्त दर को तुलनात्मक पत्रक में शामिल नहीं किया जावेगा एवं यदि क्रय समिति निर्णय ले तो केटलॉग अनुसार वस्तुओं को निरीक्षण हेतु निश्चित अवधि में उपलब्ध करवाना होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

18 जमा किये गये नमूनों यदि आवश्यक हो तो का पूर्ण उत्तरदायी जमाकर्ता निविदादाता की होगी। कार्यालय द्वारा किसी प्रकार का व्यय एवं भुगतान नहीं किया जावेगा। नमूना स्वीकार होने पर कार्यालय के भण्डार गृह में सामग्री के मिलान हेतु सुरक्षित रखा जावेगा। एवं नमूना स्वीकार होने पर कार्यालय द्वारा निविदादाता को सूचित करने के सात दिन के अन्दर अपना नमूना वापस ले जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा कार्यालय की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

19 निविदाकार लिफाफा "अ" में अन्य दस्तावेजों एवं प्रतिभूति राशि तथा लिफाफा "ब" में मूल्य सूची को डालकर सील बंद कर तीसरा लिफाफा "स" में दोनों "अ" एवं "ब" को सील बंद कर प्रस्तुत करेंगें। लिफाफा के ऊपर जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा के लिए उपकरणों (इन्स्ट्रुमेन्ट) एवं रसायनों के निविदा वर्ष 2014–15 अंतिम दिनांक 20.10.2014 लिखा होना चाहिए। पहले अमानत राशि एवं प्रमाण पत्र संबंधी लिफाफा खोला जावेगा। यदि क्रय समिति उससे संतुष्ट होगी तभी मूल्य सूची वाला दूसरा लिफाफा खोला जावेगा। अन्यथा निविदा निरस्त कर वापस भेज दी जावेगा।

20 निविदाकार को निविदा फार्म सेल्स टैक्स पंजीयन एवं फर्म पंजीयन की मूलप्रति का अवलोकन उपरान्त ही प्रदाय किया जावेगा।

21 समस्त न्यायालयीन प्रकरण दन्तेवाड़ा जिला न्यायालय के अन्तर्गत अधिन होगा।

22 कार्यालय द्वारा प्रदत्त निविदा की नियम एवं शर्तें वाला प्रपत्र एवं निविदा प्रपत्र में वर्णित संलग्न सभी आवश्यक दस्तावेजों के हर प्रति में निविदादाता के हस्ताक्षर एवं सिल सहित संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा वह मान्य नहीं होगा।

23 निविदा खोलने के समय उपस्थित निविदादाता या उनके प्रतिनिधि निविदा खोलने के समय कक्ष में ही उपस्थित रहेंगे। यदि प्रक्रिया पूर्ण होने के बीच में ही कक्ष छोड़ते हैं तो उन्हें दोबारा प्रवेश नहीं दिया जावेगा जिसकी पूरी जवाबदारी निविदादाता की होगी।

24 निविदा खोलने के समय मोबाईल फोन का उपयोग पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा।

25 यदि निविदादाता द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जावेगा तो अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा क्रय समिति आवश्यकतानुसार स्वतंत्र कार्यवाही हेतु सक्षम रहेंगे।

26 निविदादाता द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर उल्लंघन संबंधी कार्य, कार्यवाही पंजी में लिया जावेगा तथा संबंधित फर्म का निविदा भी निरस्त कर दिया जावेगा। पूर्व कार्यवाही का विवरण स्टोर प्रभारी अथवा लिपिक द्वारा संधारण किया जावेगा।

27 निविदा प्रपत्र एवं उपकरणों (इन्स्ट्रुमेन्ट) एवं रसायनों की सूची इस कार्यलय से दिनांक 08.10.2014 से 17.10.2014 तक कार्यलयीन समय सायः 4:00 बजे तक रूपये **5000=00 (पांच हजार रूपये)** गात्र नगद राशि जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र की राशि वापस नहीं होगी।

28 निविदा दिनांक **20.10.2014** समय 4:00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीट पोस्ट के माध्यम से इस कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिए, डाक प्राप्ति के विलम्ब के लिए कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

29 निविदा दिनांक **20.10.2014** को संध्या **5:00** बजे सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधिक्षक जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)के कार्यालय में क्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी।

निविदा खुलने की तिथि में कार्य की व्यवस्था के कारण परिवर्तन किया जा सकता है।

डिप्टी कलेक्टर (प्रभारी स्वास्थ्य विभाग)
अध्यक्ष, उपकरण क्रय समिति
जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय,दन्तेवाड़ा
जिला – दक्षिण बस्तर,दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)

दूरभाष / फैक्स क्रमांक :- 07856 - 252830 ई मेल : cs.dantewada@gmail.com/ hc.dantewada@gmail.com

****

क्रमांक / निविदा क्रय / 2014–15 दन्तेवाड़ा दिनांक .....

–: उपकरण निविदा / रेट कान्टेक्ट सूचना :–

: निविदा सूचना :–

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधिक्षक, जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.) की ओर से वर्ष 2014–15 के लिए जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा के ब्लड बैंक, पैथालॉजी लैब के आवश्यक जांच, आधुनिकिकरण एवं रोगा सुधार हेतु उपकरण (इन्स्ट्रुमेन्ट) मय यु.पि.एस. / इन्वर्टर, वोलटेज स्टेबलाईजर, आवश्यकता अनसुार विभिन्न जांच के लिए रसायन तथा सम्पूर्ण चिकित्सालय के साफ–सफाई व्यवस्था के लिए आधुनिक उपकरणों के आपूर्ति हेतु कार्यालय द्वारा निर्माता कम्पनी प्रतिष्ठित फर्म अथवा कम्पनी से अधिकृत फर्म / विक्रेता द्वारा मोहरबंद लिफाफे में रेट कान्ट्रेक्ट हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। जो दर अनुमोदन से एक वर्ष के लिए तक के लिए मान्य होगी।

अतः निविदा प्रपत्र प्राप्ति के लिए आवश्यक शर्तों के साथ सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधिक्षक, जिला चिकितसालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.) के कार्यालय से निम्न निर्धारित समय पर निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा / रेट कान्टेक्ट प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि 07.10.2014 से 17.10.2014 समय अपरान्ह 4:00 बजे तक।
2. मुहर बंद निविदा कार्यालय को डाक द्वारा प्राप्त होने की तिथि 20.10.2014 समय अपरान्ह 4:00 बजे तक।
3. निविदा / रेट कान्टेक्ट खोलने की तिथि 20.10.2014 समय अपरान्ह 5:00 बजे तक।

डिप्टी कलेक्टर (प्रभारी स्वास्थ्य विभाग)
अध्यक्ष, उपकरण क्रय समिति
जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)